>

Title: Need to take measures for the welfare of cotton farmers in the country particularly in Maharashtra.

श्री दानवे रावसाहेब पाटील (जालना): मैं कृषि मंत्री जी का ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहता हूं कि देशभर में और खासकर महाराष्ट्र में किसानों द्वारा आत्महत्या हो रही है और यह समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है । मुख्य रूप से तीन कारणों से किसानों द्वारा आत्महत्या की जा रही है । ये कारण हैं - राज्य में बढ़ती बिजली की लोडशेडिंग, कपास की सस्ते दाम पर खरीद और खाद के बढ़ते दाम ।

मैं माननीय मंत्री जी से यह कहना चाहूंगा कि किसानों द्वारा आत्महत्याओं को रोकने के लिए कॉटन प्राइस मैकेनिजम के बारे में सोची-समझी नीति अपनाने की जरूरत है । किसानों के लिए सस्ते दाम पर खाद एवं बिजली की समस्या पर जल्द-से-जल्द हल निकाले ।

मैं माननीय मंत्री जी से विनती करता हूं कि किसानों की आत्महत्याओं को रोकने के लिए जल्द-से-जल्द कोई खास कदम उठाएं और देश को गहरे संकट से बचाएं ।